## न्यूज डायरी



### न जाने क्यों बाइडन ने मुझसे कभी बात ही नहीं की: इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अमेरिका को अपने दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के विदेश सेवा अधिकारी डोनाल्ड लू को बुरे व्यवहार और अहंकार के लिए बर्खास्त कर देना चाहिए क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान को श्मकायाश था। इमरान खान ने सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में एक बार फिर भारत की विदेश नीति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत रूस से तेल भी खरीद रहा और अमेरिका का प्रमुख रणनीति सहयोगी भी है। खान बोले, कहा गया कि अगर आपने इमरान को अविश्वास प्रस्ताव से हटा दिया तो सब कुछ माफ कर दिया जाएगा...इतना अहंकार। इमरान ने कहा कि इस शख्स को बुरे व्यवहार और अहंकार के लिए बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। एक सवाल के जवाब में इमरान खान ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ उनके अच्छे संबंध थे लेकिन जब बाइडन सत्ता में आए तब संबंध तनावपूर्ण हो गए।

### राहुल गांधी ने लंदन में मोदी सरकार पर बोला हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैंब्रिज (ब्रिटेन )। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारत में बोलने की इजाजत देने वाली संस्थाओं पर 'सुनियोजित हमला' हो रहा है। उन्होंने कहा कि बातचीत को बाधित किए जाने के कारण 'सरकार की नीतियों को गोपनीय तरीके से प्रभावित या नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली लोग या एजेंसियां' देश में संवाद के नए तरीके से परिभाषित कर रही हैं। प्रतिष्ठित 'कैंब्रिज विश्वविद्यालय' के 'कॉर्पस क्रिस्टी कॉलेज' में सोमवार शाम आयोजित 'इंडिया एट 75' कार्यक्रम में राहुल ने छात्रों, विशेषकर भारतीय मूल के छात्रों के सवालों का जवाब दिया। राहुल ने हिंदू राष्ट्रवाद, कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार की भूमिका और देश के लोगों को संगठित करने के प्रयासों जैसे व्यापक विषयों पर अपनी राय साझा की। विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की शिक्षाविद डॉ. श्रुति कपिला के साथ बातचीत में राहुल ने उन सभी बिंदुओं को दोहराया, जिनका जिक्र उन्होंने पिछले सप्ताह एक सम्मेलन के दौरान किया था।

### क्वॉड सम्मेलन से पहले चीन की जापान को धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। दुनियाभर में विचारों का टकराव बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते विभिन्न देशों के बीच नई–नई साझेदारियां कायम होती देखी जा रही हैं। इन साझेदारियों के बनने से एक नई वैश्विक व्यवस्था के आकार लेने की संभावना बढ़ती जा रही है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की इस सप्ताह होने वाले क्वॉड सम्मेलन से पहले इसी तरह के टकराव भरे मूड में दिख रहे हैं। उन्होंने सम्मेलन के मेजबान जापान से कहा है कि वह दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं। वांग यी की इस टिप्पणी के जरिये उन देशों की बीच कायम होते गठबंधनों और सुरक्षा साझेदारियों से चीन के सामने पेश खतरों के भांपा जा सकता है, जिन्हें वह प्रभावित करना चाहता है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से न केवल अमेरिका–यूरोपियन यूनियन सुरक्षा सहयोग को मजबूती मिली है। बल्कि इससे जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया ने भी सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है।

### पलायन करने वाले शरणार्थियों से भरी नौका पलटीय 14 शव बरामद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** म्यांमार। रोहिंग्या शरणार्थियों से भरी मलेशिया जाने वाली नौका के पलट जाने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और कई लापता हैं। इस नौका में 90 रोहिंग्या सवार थे। इसमें बच्चे भी शामिल हैं। यह दुर्घटना खराब मौसम की वजह से हुई। म्यांमार स्थित राखिने के सित्वे से 19 मई को रवाना होने के बाद नौके को रास्ते में कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अब तक 14 शवों को बरामद किया गया है लेकिन 50 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। म्यांमार में अब करीब 600,000 रोहिंग्या मुसलमान बचे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इस देश में सैन्य शासन का लंबा इतिहास रहा है। इस साल जनवरी से मई के बीच करीब 630 रोहिंग्याओं ने समुद्र के रास्ते दूसरे देशों में शरण ली है। उन्होंने बताया, यह स्तब्ध करने वाला हादसा है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना एक बड़ा सम्मान

क्वाड

## आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने की पीएम मोदी की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। रूस–यूक्रेन जंग और कोविड–19 के बीच भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के राष्ट्रप्रमुखों की टोक्यो में मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने टोक्यो में द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि भारत के साथ हमारा संबंध बहुत महत्वपूर्ण है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना एक बड़ा सम्मान था।



**प्रधानमंत्री मोदी ने दी आस्ट्रेलियाई पीएम को बधाई:** इस दौरान पीएम मोदी ने चुनाव जीतने के लिए आस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज को भी बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि शपथ लेने के 24 घंटे बाद हमारे बीच आपकी उपस्थिति क्वाड दोस्ती की ताकत और इसके प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**हम हिंद–प्रशांत की शक्तियां हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन** क्वाड लीडर्स समिट में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि इंडो पैसिफिक में अमेरिका एक मजबूत, स्थिर और स्थायी साझेदार होगा। जब तक रूस युद्ध जारी रखता है, हम भागीदार बने रहेंगे और वैश्विक प्रतिक्रिया का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम साझा मूल्यों और हमारे पास मौजूद विजन के लिए हम एक साथ हैं। इस क्षेत्र को शांतिपूर्ण और स्थिर रखने, इस महामारी से निपटने और इसके बाद जलवायु संकट को दूर करने के लिए हमारे पास बहुत काम है।


**क्वाड लीडर्स समिट में क्या बोले जापानी पीएम:** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने क्वाड लीडर्स समिट में कहा कि यूक्रेन पर रूस का आक्रमण संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को पूरी तरह से चुनौती देता है। हमें आसियान, दक्षिण एशिया के साथ–साथ प्रशांत द्वीप देशों की आवाज को ध्यान से सुनना चाहिए। ताकि सहयोग को आगे बढ़ाया जा सके, जो तत्काल मुद्दों को हल करने के लिए अनुकूल हो।

**मेरी सरकार आपके देशों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध–आस्ट्रेलिया के पीएम:** क्वाड लीडर्स समिट में आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि मेरी सरकार आपके देशों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई आस्ट्रेलियाई सरकार आर्थिक, साइबर, ऊर्जा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने और अधिक लचीला इंडो पैसिफिक क्षेत्र के निर्माण को प्राथमिकता देती है। आस्ट्रेलिया के पीएम ने कहा कि हम इस बात को स्वीकार करते हुए कार्य करेंगे कि प्रशांत महासागर के द्वीप राष्ट्रों के लिए जलवायु परिवर्तन मुख्य आर्थिक और सुरक्षा चुनौती है। मेरी सरकार 2030 तक उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कमी करने का एक नया लक्ष्य निर्धारित करेगी और हमें 2050 तक शुद्ध–शून्य उत्सर्जन के लिए ट्रैक पर लाएगी।

## मुसलमानों से 48 घंटे के भीतर माफी नहीं मांगी तो...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंगापुर। सिंगापुर के विधि एवं गृह मंत्री के. षणमुगम ने सोमवार को कहा कि इंडोनेशिया के एक इस्लामी उपदेशक के समर्थकों ने सिंगापुर को इस्लाम से घृणा करने वाला करार दिया है और 9/11 के आतंकवादी हमलों का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया मंचों पर धमकी दी है। इंडोनेशियाई उपदेशक अब्दुल सोमाद बटुबारा के सिंगापुर में प्रवेश पर पिछले सप्ताह प्रतिबंध लगा दिया गया था। सोमाद और उनके साथ यात्रा कर रहे छह अन्य लोग 16 मई को सिंगापुर के तनाह मेराह फेरी टर्मिनल पर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया था और इंडोनेशिया भेज दिया गया था।

सिंगापुर के एमएचए ने अगले दिन कहा था कि सोमाद को चरमपंथी और अलगाववादी शिक्षाओं का प्रचार करने के लिए जाना जाता है, जो श्सिंगापुर के बहु–नस्ली और बहु–धार्मिक समाज में अस्वीकार्य हैं। षणमुगम ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान इंस्टाग्राम के जरिए दी गई धमकी का जिक्र किया, जिसमें सिंगापुर को इस्लाम से घृणा करने वाला देश बताया गया और कहा गया कि उसके नेताओं के पास मुसलमानों और इंडोनेशिया के लोगों से माफी मांगने के लिए 48 घंटे का समय है।



## बुजुर्ग को 95 साल की उम्र में हुआ प्यार, पहली बार की शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कहते हैं कि प्यार की कोई उम्र नहीं होती है। कुछ ऐसी ही घटना ब्रिटेन में हुई है जहां पर 95 साल की उम्र में एक बुजुर्ग को प्यार हो गया और उन्होंने अपने जीवन में पहली बार शादी की। इस बुजुर्ग का नाम जूलियन मोयले है और उनकी पत्नी का नाम वलेरिए विलियम्स (84) है। इन दोनों की मुलाकात 23 साल पहले एक चर्च में हुई थी। इतने दिनों तक दोनों के बीच दोस्ती रही लेकिन उन्होंने इस साल फरवरी महीने में जूलियन ने वलेरिए को शादी का प्रस्ताव दे दिया। वेल्स ऑनलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रेमी जोड़े ने गत 19 मई को ब्रिटेन के कार्डिफ इलाके के उसी चर्च में शादी कर ली जहां पर उनकी पहली बार मुलाकात हुई थी।

## मोसाद ने लिया नई दिल्ली में इजरायली राजनयिक पर बम हमले का बदला!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेलअवीव। इजरायल ने साल 2012 में नई दिल्ली स्थित अपने राजनयिक पर ईरानी हमला का खूनी बदला लिया है। इजरायली मीडिया के मुताबिक ईरान की राजधानी तेहरान में रविवार को मार गिराया गया रिवोल्यूशनरी गार्ड का कर्नल हसन सैयद खोदायारी कई देशों में इजरायली राजदूतों पर हमले का मास्टरमाइंड था। ईरान के विरोधी गुटों से जुड़ी न्यूज वेबसाइट ईरान इंटरनैशनल ने भी कर्नल हसन के मारे जाने की पुष्टि की है। माना जा रहा है कि ईरान में घुसकर इस हत्याकांड को इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने अंजाम दिया है।

**इजरायल ने दुनियाभर में अपने दूतावासों को अलर्ट किया**

खबरों के मुताबिक कर्नल हसन साल 2012 में नई दिल्ली में इजरायली राजनयिक पर हुए कार बम हमले के लिए जिम्मेदार था। नई दिल्ली के अत्यंत सुरक्षा वाले इलाके में हुए इस हमले में इजरायली राजनयिक की पत्नी घायल हो गई थीं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कर्नल हसन एक दिन बाद थाइलैंड में हुए सिलसिलेवार हमले के लिए भी जिम्मेदार था। ईरान ने इस हत्याकांड का बदला लेने का प्रण किया है लेकिन उसने सीधे तौर पर अभी इजरायल को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। माना जा रहा है कि ईरान के सबसे सुरक्षित कहे जाने वाले इलाके राजधानी तेहरान में इस हत्याकांड को इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने अंजाम दिया है। मोसाद पहले भी कई हत्याकांड को ईरान में अंजाम दे चुकी है। इजरायल के चैनल 13 की रिपोर्ट के मुताबिक कर्नल हसन के हत्यारे अभी भी फरार हैं। कर्नल हसन को तेहरान के मोहह्दिन ए इस्लाम सड़क पर मारा गया जहां पर ईरान के कुख्यात कुद्स फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं।

बताया जा रहा है कि कर्नल हसन को उनके घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी और मोटरसाइकिल पर सवार होकर वे भाग गए। कर्नल हसन को दो हमलावरों ने 5 गोलियां मारी।

### पाकिस्तानी जनरलों ने नए सेना प्रमुख की नियुक्ति के लिए जल्द चुनाव पर दिया जोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अगला सेना प्रमुख कौन होगा, इस बारे में कई अफवाहें चल रही हैं। पूर्व पीएम इमरान खान को हटाए जाने के बाद से राजनीतिक गलियारों में पहले से ही तनावपूर्ण माहौल है। हालांकि, सेना इमरान खान के बयानों से खुश नहीं दिख रही है। आम चुनाव के लिए पाकिस्तान का आह्वान हाल के महीनों में तेजी से बढ़ा है, और ऐसा प्रतीत होता है कि श्सेना प्रमुखश ने विवादों को खत्म कर दी है और जल्दी चुनाव की घोषणा कर देंगे ताकि वे अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति कर सकें। इस्लाम खबर ने विश्वसनीय सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि सेना चुनाव की घोषणा से पहले एक राजनीतिक और वित्तीय नेता का चयन करने के लिए चर्चा कर रही थी। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने घोषणा की है कि वह 25 मई को इस्लामाबाद में विरोध मार्च शुरू करेंगे।